प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक-09.11.25 समय-09.10पीएम

प्रधानमंत्री-उत्तराखंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देहरादून में उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने वन अनुसंधान संस्थान में विभिन्न हितधारकों और बच्चों से संवाद किया। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने पर्वतीय चुनौतियों के बीच उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी की।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें प्रेरित करता है कि गरीब, कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय सहज रूप से सुलभ हो। मुख्यमंत्री ने न्याय व्यवस्था को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कार्य करने वाली सभी विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि जब सभी को न्याय मिलेगा, तभी सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र का संकल्प साकार होगा।

सेवा सप्ताह- मैराथन दौड़

अनूपपुर में आज "न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह" का शुभारंभ मैराथन दौड़ के साथ हुआ। यह सप्ताह आज से 14 नवंबर तक मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के प्रयास से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विधिक योजनाओं के प्रचार-प्रसार और आमजन तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है।

जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के बाद 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि फुटवेयर के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने परिधान और फुटवेयर सहित विभिन्न उद्योगों में कर संरचना को सरल बनाया है। कंपोजिशन लेदर और टैनिंग या क्रस्टिंग के बाद तैयार किए गए चमड़े पर लगाए जाने वाले कर को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इससे निर्माताओं की इनपुट लागत में कमी आई है और देश के भीतर उत्पादन बढ़ा है। इसके अलावा, दो हज़ार पांच सौ रूपये तक के फुटवेयर पर वस्तु और सेवा कर को पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से युवा निर्माताओं को सीधे लाभ मिल रहा है और उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद अब अधिक सुलभ हो गए हैं। ऋषु जायसवाल के साथ दिपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार,दिल्ली।

वंदे मातरम-वर्षगांठ

देश अपने राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस गीत ने कई पीढ़ियों को एकजुट होने, उठ खड़े होने और राष्ट्र की भावना का उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया है। आज हम बता रहे हैं कि वंदे मातरम ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को कैसे प्रज्वलित किया।

मौसम

प्रदेश में नवंबर की शुरुआत में ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के असर से पूरा प्रदेश ठिठुर रहा है। राजगढ़ 7.4 डिग्री के साथ सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि भोपाल और रीवा में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। इंदौर में भी 25 साल बाद इतनी ठंड देखी गई है। मौसम विभाग ने कई जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि आने वाले दिनों में ठंड और कोहरा बढ़ सकता है।

गुजरात -ए.टी.एस.

गुजरात आंतकरोधी दस्ते ने गांधीनगर के अडालज से तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जाँच में पता चला है कि ये तीनों आतंकी आई.एस.आई.एस. से जुड़े थे। गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। ये आतंकी देश के अलग-अलग इलाकों में हमले की साजिश रच रहे थे। पुलिस इन आतंकियों से पूछताछ कर आगे की जाँच कर रही है। एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप भारत की 16 सदस्यीय तीरंदाजी टीम बांग्लादेश के ढाका में 9 से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाली एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में शामिल होगी। ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा अपने तीसरे व्यक्तिगत खिताब जीतने का प्रयास करेंगे। अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर कंपाउंड पुरुष टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं दीपिका कुमारी महिला टीम की कमान संभालेंगी।